1

पाठ्यक्रम आधारित अधिगम उद्देश्य एवं उन्हें प्राप्त करने के चरण

प्रस्तावना

सतत एवं व्यापक आकलन की योजना के अन्तर्गत कक्षावार पाठ्यक्रम के अधिगम उद्देश्यों के सापेक्ष सीखने–सिखाने के चरणों को मुख्य रूप से दो भागों में बाँटा गया है। जिसमें से पहला भाग पाठ्यक्रम विभाजन की टर्म–1 व 2 के सोपक्ष है तथा दूसरा भाग पाठ्यक्रम विभाजन की टर्म 3 व 4 के सापेक्ष है। ऐसा इसलिए सोचा गया है कि एक कक्षा के पाठ्यक्रम को चार स्तरों पर सभी विषयों में यांत्रिक रूप से तोड़ पाना व्यावहारिक नहीं होगा। इसलिए दो भागों में विभाजन कक्षा की शुरूआत व आखिरी भाग के रूप में समझकर इसे व्यावहारिक बना सकते हैं। यह विचार व्यावहारिक रूप में सम्भव भी हो पाता है। शिक्षण व आकलन में समग्रता को समाहित करने के लिए पाठ्यक्रम का अधिक भागों में विभाजन अवरोध पैदा करता है।

अधिगम उद्देश्य

- कोण की अवधारणा एवं उनके वर्गीकरण की समझ बना सकें।
- घूर्णन सममिति की समझ बना सकें तथा इस पर आधारित विविध ड्रिल हल कर सकें।
- पाँच अंको तक की संख्याओं को पढ़ने–लिखने और तुलना करने की समझ बना सकें।
- लाख तक की संख्याओं को विस्तार एवं विस्तारित रूप में लिखते हुए स्थानीयमान की समझ बना सकें।
- 3 या 4 अंकों से सर्वसम्भव संख्याएँ बना सकें तथा सर्वसम्भव संख्याओं को आरोही, अवरोही क्रम में लिख सकें।
- दो भिन्नों की तुलना कर सकें तथा भिन्नों का निरुपण विविध प्रकार से कर सकें।
- भिन्न संख्याओं को संख्या रेखा पर दर्शा सकें तथा भिन्न के मान का अनुमान लगा सकें।
- 5 अंकों तक की संख्याओं के हांसिल वाले जोड़–घटाव की पुख्ता समझ बना सकें।
- 4 अंकों तक की संख्याओं में गुणा व भाग की मानक प्रचलित कलन विधि की समझ बना सकें।
- चारों संक्रियाओं पर आधारित दैनिक जीवन की समस्याओं को हल करने की समझ बना सकें।
- देवनागरी लिपि में लिखे अंकों से निर्मित संख्याओं में गुणा–भाग की संक्रिया कर सकें।

- वैदिक गणित के निखिलम् सूत्र के आधार पर गुणा की संक्रिया कर सकें।
- गुणज व गुणनखण्ड की समझ बना सकें। दैनिक जीवन में इनके अनुप्रयोग को समझ सकें।
- अमूर्त में चिंतन करने की क्षमता एवं समस्या समाधान के उच्च स्तरीय कौशल का विकास कर सकें।
- जोड़, बाकी, गुणा, भाग की संक्रियाओं में देवनागरी के अंकों का प्रयोग कर सकें तथा मुद्रा के अनुप्रयोग को समझ सकें।
- कैलेण्डर पढ़ सकें तथा दो तरीखों के बीच की गणना कर सकें।
- लम्बाई, भार और धारिता की मानक इकाइयों की आवश्यकता को समझ सकें तथा इनके अनुप्रयोग को समझ सकें।
- संख्या एवं संक्रियाओं पर आधारित जटिल पैटर्न को खोज सकें एवं इन्हें आगे बढ़ा सकें।
- आँकड़ों को संकलित करने, व्यवस्थित करने एवं दण्डालेख व चित्रालेख से निरुपित करने की समझ बना सकें।

सीखने–सिखाने के क्रमिक चरण

टर्म–1 व 2 के लिए –

- तीन, चार व पाँच अंकों की संख्याओं को पढ़ने, लिखने, विस्तारित रूप व स्थानीय मान के आधार पर बनाने एवं तुलना करने की समझ का विकास कर पाना।
- संख्याओं को छोटे से बड़े तथा बड़े से छोटे क्रम में लिख पाना। तीन व चार अंकों से सर्वसम्भव एवं छोटी–बड़ी संख्या समझ के साथ बना पाना, सर्वसम्भव संख्याओं को घटते–बढ़ते क्रम में समझ के साथ लिख पाना।
- दो भिन्नों की तुलना कर पाना। यह समझ पाना कि किसी भिन्न के कितने टुकड़े मिलकर पूर्ण बन पाएंगे।
- भिन्न संख्याओं को संख्या रेखा पर दर्शा पाना।
- तीन, चार व पाँच अंकों की संख्याओं को जोड़ने–घटाने की पुख्ता समझ हेतु बिना हॉसिल व हॉसिल के जोड़ने–घटाने की अभ्यास कर पाना।
- तीन अंकों की संख्याओं से तीन अंकों तक की संख्याओं का मानक प्रचलित कलन विधि से गुणा कर पाना।
- तीन अंकों की संख्याओं से दो अंकों तक की संख्याओं का मानक प्रचलित कलन विधि से भाग कर पाना।
- भारतीय अंकों का प्रयोग कर गुणा व भाग कर पाना।
- वैदिक गणित के सूत्र निखिलम् के आधार पर गुणन संक्रिया दस के आधार पर कर पाना।
- गुणज की समझ बना पाना, गुणज व गुणनखण्ड के अन्तर को समझ पाना, सबसे छोटे समान गुणज एवं सबसे बड़े गुणनखण्ड की समझ बना पाना तथा इस पर आधारित दैनिक जीवन की समस्याएँ हल कर पाना।
- ठोस चीज़ों, चित्रों एवं आकृतियों से बने पैटर्न खोज पाना एवं दिए गए पैटर्न को आगे बढ़ा पाना तथा नए पैटर्न बना पाना।
- संख्याओं एवं संक्रियाओं पर आधारित पैटर्न खोज पाना एवं उन्हें आगे बढ़ा पाना।
- एकत्रित आँकड़ों को टेली चिह्न का प्रयोग कर सारणी रूप में जमा पाना।
- आँकड़ों को पढ़ने, व्याख्या करने व प्राप्त आँकड़ों से दण्ड आरेख व चित्रालेख खींच पाना।

टर्म–3 व 4 के लिए –

- कोण की अवधारणा को समझ पाना व कोण को चाँदे की सहायता से माप पाना।
- समकोण, सरलकोण व अधिक कोण तथा न्यून कोण की समझ बना सकें व देखकर अंदाज लगा पाना।
- घूर्णन सममिति को समझ पाना
- अमूर्त में चिंतन करने की क्षमता का विकास कर पाना।
- समस्या समाधान एवं उच्च स्तरीय कौशलों का विकास कर पाना।
- हिसाब–किताब आदि के संदर्भ में रुपये–पैसे का इस्तेमाल कर जोड़–घटा, गुणा–भाग सभी संक्रियाओं का प्रयोग भारतीय (देवनागरी) अंकों के साथ कर पाना।
- भारतीय (देवनागरी) अंकों का प्रयोग कर बिल बना पाना।
- कैलेण्डर को पढ़ कर समझ पाना। दिन, सप्ताह, महीना, साल की समझ तथा इनके बीच सम्बन्ध समझ पाना। दो तारीख़ों के बीच के समय की गणना कर पाना।
- चीज़ों के भारों की तुलना में तराजू की आवश्यकता को समझ पाना। ग्राम, किलोग्राम के सम्बन्ध को समझ पाना एवं संक्रियाएँ करते हुए तुलना कर पाना।
- अमानक इकाइयों द्वारा वस्तुएँ/जगह को समझ के साथ माप पाना। दूरी/लम्बाई का अनुमान लगा पाना एवं अमानक इकाई द्वारा सत्यता की जाँच कर पाना। अमानक से मानक इकाई की आवश्यकता को समझ पाना।
- मीटर, सेन्टीमीटर के संबंध को समझ पाना।
- लीटर, मिलीलीटर के विचार को समझ पाना। मानक इकाइयों में धारिता का अनुमान लगा पाना एवं धारिता की मात्रा की गणना कर पाना।
- ग्राफ पेपर की मदद से क्षेत्रफल और परिमाप की समझ बना पाना।
- क्षेत्रफल और परिमाप के बीच संबंध को सहज रूप से समझ पाना।
- आयताकार आकृति का परिमाप और क्षेत्रफल ज्ञात कर पाना।

2

योगात्मक आकलन टूल निर्माण ब्लूप्रिंट

प्रस्तावना

आकलन सीखने–सिखाने की प्रक्रिया का अभिन्न अंग है। इसका तात्पर्य यह हुआ कि आकलन के बगैर सीखना–सिखाना संभव नहीं है। अतः इसी विचारधारा के अनुरूप दो प्रकार के आकलनों की बात राज्य सरकार की सतत एवं व्यापक आकलन की स्कीम में की जाती है। जिसमें पहला रचनात्मक आकलन है जोकि सीखने–सिखाने की प्रक्रिया में अंतर्गुथित है जोकि कक्षा–कक्षीय प्रक्रिया में निरंतर होता रहता है तथा दूसरा योगात्मक आकलन है जो एक निश्चित अवधि के उपरांत बच्चे की शैक्षिक उपलब्धि का आकलन करता है।

इन दोनों ही प्रकार के आकलनों के लिए एक तार्किक फ्रेमवर्क द्वारा निर्मित व्यवस्था को काम में लिया जाता है जिससे सीखने–सिखाने को बहुत हद तक उपयुक्त एवं आवश्यक बनाया जा सकता है। इसके लिए आकलन की एक टैक्सॉनामि को काम में लिया जाता है। जिसके अनुरूप तार्किक फ्रेमवर्क (ब्लूप्रिंट) का एक स्वरूप नीचे दिया गया है तथा इस फ्रेमवर्क के अनुसार एक टर्म का लिखित आकलन के लिए योगात्मक आकलन के टूल को भी संरचित किया गया है।

आपको भी इसी तरह योगात्मक आकलन के लिए टूल की संरचना करनी होगी। जिसके लिए विभिन्न प्रकार के प्रश्नों का संग्रह (Test Item Pool) आगे दिया गया है। इस संग्रह में अधिगम क्षेत्रवार प्रश्नों के संग्रह को एक टर्म में आए अधिगम क्षेत्रों के सापेक्ष रखा गया है। बुनियादी क्षमताओं के सापेक्ष प्रश्नों के संग्रह को सभी टर्म में नहीं रखा गया है, क्योंकि अनावश्यक दोहरान पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या को ही बढ़ाता। इसलिए यह ध्यान आपको रखना होगा कि आप किस टर्म की या किस कक्षा की बुनियादी क्षमताओं पर आधारित आइटम अपने आकलन टूल में रखना चाहते हैं, उनका चयन उस भाग से कर लिया जाएगा।

तृतीय योगात्मक आकलन

विषय : गणित **कक्षा : 5** **आकलन टूल निर्माण ब्लूप्रिंट**

क्र. सं.	आकलन के क्षेत्र	ज्ञान के आयाम	प्रश्नों के प्रकार			
			OT	VSA	SA	ET
1.	आकृति एवं स्थान की समझ	याद रखना	-	7	-	-
		समझना	-	-	-	-
		अनुप्रयोग करना	-	-	-	-
		विश्लेषण करना	-	-	8	-
		मूल्यांकन करना	-	-	-	-
		सृजन करना	-	-	-	25
2.	संख्या ज्ञान की समझ	याद रखना	25	12	-	-
		समझना	-	-	28	-
		अनुप्रयोग करना	-	-	15	-
		विश्लेषण करना	-	-	-	-
		मूल्यांकन करना	-	-	-	-
		सृजन करना	-	-	-	23
3.	संक्रियाओं की समझ	याद रखना	-	-	-	-
		समझना	39 (P1)	-	-	-
		अनुप्रयोग करना	-	15 (P1)	-	10 (P1)
		विश्लेषण करना	-	-	30 (P1)	-
		मूल्यांकन करना	-	-	-	22 (P1)
		सृजन करना	-	-	-	8 (P2)
4.	मापन की समझ	याद रखना	-	21	-	-
		समझना	-	-	11	-
		अनुप्रयोग करना	-	-	9	-
		विश्लेषण करना	13	-	-	-
		मूल्यांकन करना	-	-	-	-
		सृजन करना	-	-	33	-
5.	आँकड़ों का प्रबन्धन एवं पैटर्न की समझ	याद रखना	-	-	-	-
		समझना	3	-	-	-
		अनुप्रयोग करना	-	-	1	-
		विश्लेषण करना	-	-	-	7
		मूल्यांकन करना	-	-	-	-
		सृजन करना	-	-	-	-
	कुल = 22		**4**	**4**	**8**	**6**

नोट : ब्लूप्रिंट में अधिगम क्षेत्र व कौशलवार प्रश्नों के जो क्रमांक दिए हैं। वे प्रश्न बैंक में प्रश्नों के लिए क्रमांक हैं। संक्रियाओं में P1 व P2 कोष्ठक में अलग से लिखा है। इसका मतलब P1 टर्म–1 व 2 से एवं P2 टर्म–3 व 4 से है। अतः तृतीय टर्म में प्रथम व द्वितीय टर्म से भी प्रश्न लिए हैं।

3

योगात्मक आकलन हेतु लिखित आकलन टूल नमूना पत्रक

प्रस्तावना

सामान्यतः पेपर–पेंसिल टेस्ट को लिखित आकलन का एक प्रमुख टूल माना जाता रहा है तथा हमारी शिक्षण व्यवस्था में बच्चों के सीखने–सिखाने का आकलन करने के लिए इसका उपयोग भी लम्बे समय से होता रहा है। इस कारण इसके प्रति हमारी आस्था भी बहुत गहरी है। इसके अलावा दूसरी बात यह भी बहुत प्रबल है कि सामान्यतः परम्परागत शिक्षण में विद्यालय लिपि पर काम कराते हैं या यह कहें कि विद्यालय पढ़ना–लिखना सिखाने पर अधिक जोर देते हैं। जिसका आकलन भी लिखित में करना अधिक पसंद करते हैं।

आगामी पृष्ठ पर दिए गए आकलन टूल को पूर्व पाठ में दिए गए ब्लूप्रिंट के अनुरूप बनाया गया है। इस तरह का अभ्यास एक उपयुक्त, प्रमाणिक एवं टिकाऊ टूल बनाने की प्रक्रिया में शिक्षक को ले जाता है तथा इस तरह के टूल के माध्यम से शिक्षक बच्चों के बारे में आवश्यक एवं उपयोगी सूचना एकत्रित कर सकता है तथा अपनी योजना को बच्चों के अधिक उपयुक्त बना सकता है।

कुछ क्षमताएँ इस प्रकार की हैं, जिनका आकलन लिखित व मौखिक दोनों प्रकार से किया जाता है, जैसे– इकाई, दहाई व सैंकड़े के अंतर्संबंध की समझ बनाना, गिनती बोलने व लिखने की समझ एवं कुछ क्षमताएँ इस प्रकार की भी हैं जिनका आकलन केवल मौखिक ही किया जा सकता है, जैसे– उच्च स्तरीय कौशलों की समझ का आकलन करना। कक्षा–1 व 2 के लिए जो टूल का नमूना रखा गया है, उसमें 15 प्रश्न रखे गये हैं। तृतीय योगात्मक आकलन तक जिन अधिगम क्षेत्रों पर काम हुआ है। उन अधिगम क्षेत्रों पर आधारित ही प्रश्न रखे गये हैं। यहाँ पर आगे आने वाली टर्म में पिछली टर्म की बुनियादी क्षमताओं को पुनः दोहराया गया है। इस व्यवस्था को इसलिए लागू किया गया है ताकि बच्चों के सीखने को सुनिश्चित किया जा सके। अतः बुनियादी क्षमताओं पर आधारित टूल में बुनियादी क्षमताओं पर आधारित प्रश्न डालने होंगे। ताकि एक कक्षा के लिए लम्बा टूल नहीं बने।

यहाँ पर टूल का जो नमूना दिया गया है वह कक्षा स्तर की क्षमताओं के सापेक्ष है। अतः कक्षा स्तर के बच्चों के आकलन में इसका उपयोग कर सकते हैं। कक्षा स्तर से नीचे के बच्चों का आकलन करने के लिए आपको अपने बच्चों की स्थिति के अनुरूप बुनियादी क्षमताओं पर आधारित आइटम बदलकर टूल बनाना होगा।

तृतीय योगात्मक आकलन

विषय : गणित **कक्षा : 5**

शाला का नाम : ..... रोल नं. : .....

विद्यार्थी का नाम : ..... दिनांक : .....

(अ) आकृति एवं स्थान की समझ

1. नीचे दिए त्रिभुजों को पहचानकर कोण के आधार पर नामकरण कीजिए – (याद रखना)



.....



.....



.....

2. चित्र को देखकर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (विश्लेषण करना)

(क) समकोण (90^0 के कोण) की संख्या कितनी है ?

.....

(ख) न्यूनकोण (90^0 से कम) की संख्या कितनी है ?

.....

(ग) अधिक कोण (90^0 से अधिक और 180^0 से कम) की संख्या कितनी है?

.....

3. हल कीजिए – (सृजन करना)

(क) नीचे  से पैटर्न बनाया गया है, इसे आगे बढ़ाइए –

							

(ख) अब आप  की जगह → का उपयोग करके ऐसा ही पैटर्न बनाइए –

↑							

(ग) नीचे ○ की जगह □ का उपयोग कर ऐसा ही पैटर्न बनाइए –

○	◎			□			

(ब) संख्या ज्ञान की समझ

4. नीचे दी गई आकृतियों के तीन–चौथाई भाग को रंग कीजिए – (याद रखना)



5. संख्या रेखा पर पैटर्न को समझते हुए खाली जगहों में आने वाली संख्याएँ लिखिए – (याद रखना)

6. नीचे बॉक्स में बने चित्रों के समूह की संख्या के एक तिहाई चित्रों को छायांकित कीजिए – (समझना)



7. मोतियों की संख्या बंडल एवं खुल्लों के आधार पर लिखिए – (अनुप्रयोग करना)



सैंकड़ा	दहाई	इकाई	संख्या

8. अंक 5, 3 एवं 8 से तीन अंकों की सर्वसम्भव संख्याएँ बनाइए, किसी भी संख्या में कोई एक अंक का दोहरान नहीं होना चाहिए। (सृजन करना)

(स) संक्रियाओं की समझ

9. पढ़िए और सही संख्या से मिलान कीजिए – (समझना)

6 और 6 का गुणनफल	9 और 7 का गुणनफल	6 और 13 का गुणनफल
63	36	78

10. नीचे दिए गए घटाने के सवालों को हल कीजिए – (अनुप्रयोग करना)

7454	9494	5494
−2448	−2578	−2978

11. विद्यालय के पुस्तकालय में कहानियों की 368 पुस्तकें एवं गणित की 235 पुस्तकें हैं, तो पुस्तकालय में कहानी व गणित की कुल कितनी पुस्तकें हैं? (अनुप्रयोग करना)

	सैं.	द.	इ.
	□	□	□
+	□	□	□
	□	□	□

12. 5 व 7 के गुणज व साझा गुणज लिखिए – (विश्लेषण करना)



13. खाली डिब्बों में कौन–कौन से अंक आएंगे? सोच कर लिखिए – (मूल्यांकन करना)

(1)
6	□	7	8	5	□
+ □	3	□	6	□	5
9	2	3	□	3	9

(2)
7	3	□	8
2	1	3	5
+ □	3	1	7
14	□	8	□

14. नीचे दिए व्यंजक में जितना जोड़ना है, उतना ही घटाना है। बताइए वह संख्या क्या होगी? (सृजन करना)

(क) 15 + □ = 25 - □ (ख) 27 - □ = 13 + □

(द) मापन की समझ

15. सही उत्तर छाँटिए – (याद रखना)

1 लीटर में होते हैं –

(क) 100 मिलीलीटर (ख) 10 मिलीलीटर (ग) 1000 मिलीलीटर (घ) 10000 मिलीलीटर ( )

16. बताइए – (समझना)

(1) 1 मीटर = ———————— सेन्टीमीटर (2) 1 किलोमीटर = ———————— मीटर

(3) 1 किलोमीटर = ———————— सेन्टीमीटर (4) 2) किलोमीटर = ———————— मीटर

17. 520 रुपये को निरूपित कीजिए – (अनुप्रयोग करना)

18. ग्राफ पर दी गई माप का वर्ग बनाइए – (सृजन करना)



2 वर्ग cm 4 वर्ग cm 3 वर्ग cm

19. अंदाज़ा लगाकर बताइए कि किसकी लम्बाई कितनी होगी ? उनसे मिलान कीजिए – (विश्लेषण करना)

एक केंचुए की लंबाई	2 किलोमीटर
एक बच्चे की लंबाई	5 मीटर
उँगुली के नाखून की चौड़ाई	10 सेंटीमीटर
साड़ी की लंबाई	1 सेंटीमीटर
घर से स्कूल की दूरी	1 मीटर

(य) आँकड़ों का प्रबन्धन एवं पैटर्न की समझ

20. दी गई संख्याओं के पैटर्न को खोजिए और आगे बढ़ाइए – (समझना)

$1 = 1 \times 1$

$121 = 11 \times 11$

$12321 = 111 \times 111$

$1234321 =$ .....

21. पैटर्न को पूरा कीजिए – (अनुप्रयोग करना)

★ एक संख्या लो [ ]

★ उसे दुगुना करो [ ] × [ ] = [ ]

★ 5 से गुणा करो [ ] × [ ] = [ ]

★ उत्तर को 10 से भाग करो [ ] ÷ [ ] = [ ]

22. नीचे दिए दण्डालेख में कुछ शहरों का दो अलग–अलग महीनों के एक–एक दिन का तापमान दिया गया है। इनके आधार पर नीचे दिए प्रश्नों को हल कीजिए – (विश्लेषण करना)



(क) 1 जून को कौन–सा शहर सबसे गर्म था? .....

(ख) 1 दिसम्बर को कौन–सा शहर सबसे ठंडा था? .....

(ग) किस शहर में 1 जून और 1 दिसम्बर के बीच तापमान में सबसे कम बदलाव आया। .....

(घ) किस शहर में 1 जून और 1 दिसम्बर के बीच तापमान में सबसे अधिक बदलाव आया। .....

शिक्षक टिप्पणी .....

.....

.....

.....

.....

शिक्षक का नाम एवं हस्ताक्षर दिनांक : .....

4

योगात्मक आकलन हेतु मौखिक आकलन टूल नमूना पत्रक

प्रस्तावना

जैसा कि पाठ–3 में बताया गया है कि कुछ क्षमताओं का आकलन लिखित एवं मौखिक दोनों तरीके से तथा कुछ क्षमताओं का आकलन केवल मौखिक गतिविधि करवाकर ही किया जा सकता है। कभी–कभी ऐसा भी होता है कि कुछ बच्चे अवधारणाओं की समझ तो रखते हैं, लेकिन उनकी लिखित अभिव्यक्ति स्पष्ट नहीं होती तथा ऐसे ही कुछ बच्चों की मौखिक अभिव्यक्ति ठीक नहीं होती, जिसके कारण उनका ठीक से आकलन नहीं हो पाता है। आकलन ठीक से नहीं हो पाने की स्थिति में बच्चों का सीखना–सिखाना काफी प्रभावित रहता है।

यहाँ पर कक्षा एवं टर्म के अनुसार मौखिक आकलन की गतिविधियाँ दी गई हैं। आप इस तरह का भी टूल बना सकते हैं। जिसमें गतिविधि कक्षा–1 से लेकर 5 तक की क्षमताओं का आकलन कर पाए। उदाहरण के लिए नीचे दिए अनुसार सोच सकते हैं –

एक संख्या चार्ट बनाएँ, जिस पर संख्याएँ एक अंक से लेकर चार या पाँच अंक तक लिखी हों और बच्चों से नीचे से या ऊपर से, बढ़ते या घटते क्रम में पढ़वाएँ। इसके आधार पर बच्चों का स्तर तय किया जा सकता है। इसी तरह संक्रिया ज्ञान के लिए भी नीचे दिए अनुसार सोच सकते हैं –

बच्चों को गोल घेरे में बिठाकर वस्तु पास गतिविधि करवाएँ तथा वस्तु को समूह में किसी आवाज़ के साथ जोड़कर पास करवाएँ तथा समूह के मध्य में 1 से 9 तक अंक लिखे कार्ड डाल देवें। गतिविधि के दौरान जहाँ वस्तु रुके, वह बच्चा खड़ा होकर आए तथा कार्ड के समूह से कोई दो कार्ड उठाए। अब शिक्षक या बच्चे स्तरानुसार नीचे दिए अनुसार प्रश्न करें। जैसे –

- दोनों अंकों का जोड़ या घटा क्या होगा ?
- दोनों अंकों का गुणा क्या होगा ?
- दोनों अंकों से मिलकर बनी बड़ी व छोटी संख्या का जोड़, घटाव व गुणा पर आधारित प्रश्न पूछना।

विषय : गणित **कक्षा : 5**

(अ) आकृति एवं स्थान की समझ

गतिविधि–1 : शिक्षक बच्चों को एक ब्लॉक/कटआउट देकर उसे एक निश्चित भिन्न/कोण के सापेक्ष घड़ी की दिशा में घुमाने का निर्देश देवें तथा बच्चे दिए गए कटआउट को उस निश्चित भिन्न के सापेक्ष घुमाने से बनने वाली स्थितियों को पहचान कर बताएँगे।

(ब) संख्या ज्ञान की समझ

गतिविधि–2 : शिक्षक 3, 4 व 5 अंकों से बनने वाली संख्याओं के कार्ड्स बच्चों को दिखाकर उनसे संख्याएँ पढ़वाएँ तथा इनमें से 3 से 4 संख्या कार्ड्स को बच्चे घटते व बढ़ते क्रम में जमाकर दिखाएँ।

या

शिक्षक बच्चों से 0 से 9 अंक वाले कार्ड्स देकर उनकी मदद से निर्देश देते हुए पाँच अंकों तक की संख्याओं का निर्माण करने को कहें व बनायी गयी संख्याओं के अंकों का स्थानीयमान पूछें।

निर्देश : दिए गए अंकों से उन संख्याओं का निर्माण कीजिए, जिनका सैंकड़े का अंक 4 व इकाई अंक 5 हो।

(स) संक्रियाओं की समझ

गतिविधि–3 : बच्चे दो पासों को उछालते हुए उनके अंकों से मिलकर बनने वाली संख्याओं को 3, 4 व 5 के गुणज के रूप में वर्गीकृत करने का काम करेंगे।

या

शिक्षक 100 तक की संख्या वाले कार्ड्स को क्रम से जमाकर रखेंगे। इन कार्ड्स में से शिक्षक द्वारा बोली गयी संख्या के गुणनखण्ड वाली संख्याओं को बच्चे निकाल कर दिखाएंगे।

(द) मापन की समझ

गतिविधि–4 : शिक्षक तथ्यों पर आधारित निम्न प्रकार के प्रश्न पूछेंगे –

(क) 15 सेमी में कितने मिलीलीटर होते हैं?

(ख) 250 ग्राम, 1 किलोग्राम का कितना हिस्सा होगा?

(ग) 7 मीटर कितने सेंटीमीटर से मिलकर बनता है?

(घ) 580 मिलीमीटर और 1400 मिलीलीटर मिलकर कितने लीटर व मिलीलीटर होंगे?

(ङ) यदि अपने 100 ग्राम के 3 बाट लेकर, 500 ग्राम का 1 बाट लेकर एवं 250 ग्राम के 5 बाट लेकर चीनी तोली। तो बताइए आपने कितने किलोग्राम चीनी तोली।

(च) यदि दिसम्बर माह की 2 तारीख को सोमवार है तो अगले माह की कौनसी तारीख को पहला सोमवार आयेगा।

(य) आँकड़ों का प्रबन्धन एवं पैटर्न की समझ

गतिविधि–5 : शिक्षक श्यामपट्ट पर या कार्डशीट पर 1 से 100 तक गिनती का चार्ट या पुराना कैलेण्डर बच्चों के समूह में देवें तथा बच्चों से कहें कि इसमें 2×2, 3×3, ... के जादुई वर्ग ढूँढकर बताएँ।

या

शिक्षक श्यामपट्ट पर कुछ फलों के नाम लिखेंगे और उनमें से बच्चों द्वारा पसंद किए जाने वाले फल का नाम पूछेंगे और पसंद किए गए फल को बच्चे श्यामपट्ट पर बनी सारणी में टेलीचिह्न के माध्यम से प्रदर्शित करेंगे। इस प्रकार संकलित किए गए आँकड़ों द्वारा शिक्षक निम्न प्रकार के प्रश्न पूछेंगे –

(क) सबसे अधिक पसंद किए जाने वाला फल कौनसा है?

(ख) कितने बच्चों को केला पंसद है?

(ग) अंगूर की तुलना में अनार को कितने कम बच्चे पसंद करते हैं? आदि।

5

योगात्मक आकलन प्रपत्र बनाने हेतु विभिन्न प्रकार के लिखित प्रश्नों का संग्रह

प्रस्तावना

आगामी पृष्ठों पर अधिगम क्षेत्रवार एवं कौशलवार प्रश्न दिए गए हैं। इस पूल में दिए गए आइटम से ब्लूप्रिंट के अनुसार उपयुक्त चयन करके आपको योगात्मक आकलन के लिए लिखित प्रश्न पत्र का निर्माण करना है। प्रश्न निर्माण हेतु ब्लूप्रिंट पूर्व में दिए अनुसार निर्धारित किया जा सकता है या पूर्व में निर्धारित ब्लूप्रिंट को काम में लिया जा सकता है। आगे आपको जो भी टूल बनाने होंगे, उनको बनाने में उक्त पूल का सहयोग लिया जा सकता है।

टूल बनाते समय इस बात का ध्यान विशेष रूप से रखना होगा कि प्रत्येक टर्म के लिए जो बुनियादी है उसे आगामी टर्म के पाठ्यक्रम पर काम करने के आधार के रूप में समझा जायेगा। इसलिए शुरूआती जिस भी टर्म में बुनियादी क्षमताएँ आ चुकी हैं, वे आगामी टर्मों में दोहराई जायेंगी। राज्य में संचालित स्कीम में यह व्यवस्था इसीलिए की गई है ताकि बच्चों के सीखने में शैक्षणिक अंतर ना रहें।

जो बच्चे अपनी कक्षा के स्तर पर नहीं हैं उन बच्चों के योगात्मक आकलन हेतु बुनियादी क्षमताओं पर आधारित आइटम उस कक्षा स्तर के आइटम पूल से लेने होंगे जिस स्तर पर अमुक टर्म में बच्चों के साथ काम कराया गया है। नमूने के लिए दिया गया टूल कक्षा स्तर की बुनियादी क्षमताओं को शामिल करने के विचार पर आधारित है। यदि आपको टूल में नीचे के कक्षा स्तर की बुनियादी क्षमताओं के आइटम लेने हैं तो आप उस कक्षा स्तर से ले सकते हैं।

इसका तात्पर्य सीधा–सीधा यही हुआ कि कक्षा स्तर के बच्चों का एक टूल होगा तथा कक्षा स्तर से नीचे के बच्चों के लिए अलग–अलग टूल होगा, जो आप अपनी कक्षा की स्थिति के अनुसार बना सकेंगे।

टर्म–1 व 2 के लिए

(अ) संख्या ज्ञान की समझ

1. नीचे दी गई संख्याओं को आरोही क्रम में लिखिए। (अनुप्रयोग करना)

(क)	26886	37725	30840	25975	40021	.....	.....	.....	.....	.....
(ख)	59307	53907	59703	57039	57903	.....	.....	.....	.....	.....
(ग)	74443	74434	74344	77444	77555	.....	.....	.....	.....	.....

2. नीचे दी गई संख्याओं को अवरोही क्रम में लिखिए। (अनुप्रयोग करना)

(क)	41525	51425	34152	42325	50925	.....	.....	.....	.....	.....
(ख)	86067	81316	85032	82511	81154	.....	.....	.....	.....	.....
(ग)	76543	73456	74356	76435	74653	.....	.....	.....	.....	.....

3. क्रम में छूटी हुई संख्याएँ लिखिए – (याद रखना)

.....	3010	.....	3012	.....	.....	.....	.....	.....	.....
9994	.....	.....	9997	.....	.....	.....	.....	.....	.....
2000	.....	4000	.....	6000	.....	.....	9000	.....	.....
3592	.....	5592	.....	.....	.....	9592	.....	.....	.....

4. नीचे लिखी संख्या को आरोही क्रम में लिखिए – (अनुप्रयोग करना)

6392	5005	7645	9090	4567	.....	.....	.....	.....	.....	.....

5. नीचे लिखी संख्या को अवरोही क्रम में लिखिए – (अनुप्रयोग करना)

6932	4005	9090	5603	.....	.....	.....	.....	.....	.....	.....

6. नीचे दी गई संख्याओं को चित्रों में घटते क्रम में लिखिए – (अनुप्रयोग करना)

4038, 5009, 4388, 3099



7. संख्याओं को नीचे दिए चित्रों में बढ़ते क्रम में लिखिए – (अनुप्रयोग करना)

3780, 3900, 3675, 3086



8. नीचे दी गई संख्याओं के बीच >, <, = में से उपयुक्त चिह्न लगाएँ – (समझना)

(अ) 2979 ..... 2932 (ब) 5423 ..... 5432 (स) 8952 8952

(द) 6850 ..... 6852 (य) 3675 ..... 3675 (र) 9821 9799

9. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बदरेल में वर्ष 2008 में 3145 मरीजों, वर्ष 2009 में 2897 मरीजों, वर्ष 2010 में 3510 मरीजों एवं वर्ष 2011 में 2900 मरीजों का इलाज हुआ। (विश्लेषण करना)

(अ) वर्ष 2008 से 2011 तक कुल कितने मरीजों का इलाज किया गया ?

(ब) किस वर्ष सबसे अधिक मरीजों का इलाज हुआ ?

(स) वर्ष 2008 में मरीजों की संख्या, वर्ष 2011 में मरीजों की संख्या से कितनी कम अथवा अधिक है ?

(द) सबसे कम मरीज किस वर्ष में थे ?

10. निम्नलिखित संख्याओं की तुलना बॉक्स में >, < और = का चिह्न लगाकर कीजिए। (समझना)

6392		6932	5005		4005	4567		5603
7645		764	9090		9090	3900		3999

11. नीचे दी गई संख्याओं से सबसे बड़ी संख्या पर घेरा बनाइए – (समझना)

2341	4251	72941

46925	62785	62758

12. संख्या रेखा पर पैटर्न को समझते हुए खाली जगहों में आने वाली संख्याएँ लिखिए – (याद रखना)

13. नीचे दिखाए अनुसार संख्या को कार्डों में व्यक्त कीजिए – (अनुप्रयोग करना)

1222 = 1000 100 100 10 10 1 1

2305 = _____

1260 = _____

3500 = _____

14. गिन तारे में गोटियाँ गिनकर संख्या लिखिए – (समझना)



15. नीचे बनी मोतियों की माला में मोतियों की संख्या बंडल एवं खुल्लों के आधार पर लिखिए– (अनुप्रयोग करना)



सैंकड़ा	दहाई	इकाई	संख्या

निर्देश : नीचे कुछ आकृतियों में संख्याएँ लिखी गई हैं। इन्हें देखिए और नीचे दी गई संख्या रेखा पर हल कीजिए – (समझना)



16. 713, 778, 775 और सात सौ पच्चीस को संख्या रेखा पर उपयुक्त स्थान पर टाँगिए। (समझना)



17. 827, 855, 898 और आठ सौ छब्बीस को संख्या रेखा पर उपयुक्त स्थान पर टाँगिए। (समझना)



18. 997, 905, 928 और नौ सौ पचास को संख्या रेखा पर उपयुक्त स्थान पर टाँगिए। (समझना)



19. शब्दों में लिखी संख्या को अंकों में लिखिए – (याद रखना)

एक हजार पाँच सौ पच्चीस = ...	तीन हजार पाँच सौ = ...
एक हजार एक सौ ग्यारह = ...	पाँच हजार पचास = ...

20. नीचे दी गई संख्याओं को शब्दों में लिखिए – (समझना)

58750 = ...

30050 = ...

20007 = ...

21. पढ़िए और नीचे दिए पैटर्न को आगे बढ़ाइए – (अनुप्रयोग करना)

(i) 3000, 2990, 2980, ..., ..., ..., ...,

(ii) 7090, 7095, 8000, ..., ..., ..., ...,

22. नीचे दी गई संख्याओं को अंकों में लिखिए – (याद रखना)

(अ) सात हजार एक सौ नौ = ...

(ब) सत्तर हजार सात सौ = ...

(स) पन्द्रह हजार तीन सौ नौ = ...

(द) सत्तर हजार सत्तरह = ...

23. अंक 5, 3 एवं 8 से तीन अंकों की सर्वसम्भव संख्याएं बनाइए, किसी भी संख्या में कोई एक अंक का दोहरान नहीं होना चाहिए। (सृजन करना)

24. अंक 2, 6, 9 व 4 से बनने वाली चार अंकों की सबसे बड़ी व सबसे छोटी संख्या क्या होगी ? (अनुप्रयोग करना)

सबसे बड़ी संख्या = ... सबसे छोटी संख्या = ...

25. नीचे दी गई आकृतियों के तीन–चौथाई भाग को रंग कीजिए– (समझना)



26. नीचे दी गई आकृतियों के दो–तिहाई भाग को रंग कीजिए– (समझना)



27. नीचे दिए चित्रों के छायांकित भाग की भिन्न लिखिए – (समझना)



....

28. नीचे बॉक्स में बने चित्रों के समूह की संख्या के एक तिहाई चित्रों को छायांकित कीजिए – (समझना)



29. नीचे बॉक्स में बने चित्रों के समूह की संख्या के तीन चौथाई चित्रों को छायांकित कीजिए– (समझना)



30. नीचे बॉक्स में बने छायांकित चित्रों की भिन्न लिखिए – (समझना)



31. निम्नलिखित भिन्नों को चित्र द्वारा निरूपित कीजिए – (समझना)

$\frac{2}{5}$ $\frac{3}{10}$ $\frac{6}{8}$

32. छायांकित भाग की भिन्न लिखिए एवं तुलना करके बताइए कि कौन सी भिन्न सबसे बड़ी है। उस पर सही (✓) का निशान लगाइए – (समझना)



....

33. छायांकित भाग की भिन्न लिखिए एवं तुलना करके बताइए कि कौन सी भिन्न सबसे बड़ी है। उस पर सही (✓) का निशान लगाइए – (समझना)



....

34. नीचे दी गई भिन्नों में से सबसे बड़ी एवं सबसे छोटी भिन्न पर घेरा कीजिए – (समझना)

$\frac{4}{7}$ $\frac{6}{7}$ $\frac{3}{7}$

$\frac{5}{7}$ $\frac{7}{7}$ $\frac{2}{7}$

35. नीचे दी गई भिन्नों को बढ़ते व घटते क्रम में लिखिए – (अनुप्रयोग करना)

बढ़ते क्रम में

$\frac{3}{5}$	$\frac{1}{5}$	$\frac{4}{5}$	$\frac{2}{5}$
.....	.....	.....	.....

घटते क्रम में

$\frac{2}{9}$	$\frac{5}{9}$	$\frac{3}{9}$	$\frac{8}{9}$
.....	.....	.....	.....

बढ़ते क्रम में

$\frac{2}{4}$	$\frac{1}{4}$	$\frac{3}{4}$	$\frac{4}{4}$
.....	.....	.....	.....

घटते क्रम में

$\frac{6}{10}$	$\frac{5}{10}$	$\frac{3}{10}$	$\frac{8}{10}$
.....	.....	.....	.....

36. संख्या रेखा पर भिन्नों को दर्शाइए – (अनुप्रयोग करना)

(अ) $4\frac{1}{2}$ (ब) $3\frac{3}{4}$ (स) $\frac{2}{3}$

37. संख्या रेखा देखकर गुब्बारे में संख्याएँ भरिए – (अनुप्रयोग करना)



(ब) संक्रियाओं की समझ

निर्देश : रेशमा बाज़ार से अपने लिए 224 रुपये की एक शर्ट, 435 रुपये की एक पैन्ट, 629 रुपये की एक अटैची एवं 325 रुपये की एक इस्त्री (आइरन) खरीदकर लाई।

224 रुपये

435 रुपये

629 रुपये

325 रुपये

1. ऊपर दिए निर्देश के अनुसार हल कीजिए – (अनुप्रयोग करना)

(अ) शर्ट और इस्त्री की कुल मिलाकर कीमत क्या होगी?

	सैं.	द.	इ.
	2	2	4
+	3	2	5
	___	___	___

(ब) पैन्ट और इस्त्री की कुल मिलाकर कीमत क्या होगी?

	सैं.	द.	इ.
	4	3	5
+	3	2	5
	___	___	___

2. ऊपर दिए निर्देश के अनुसार हल कीजिए – (अनुप्रयोग करना)

(अ) शर्ट और अटैची की कुल मिलाकर कीमत क्या होगी?

	सैं.	द.	इ.
	2	2	4
+	6	2	9
	___	___	___

(ब) पैन्ट और अटैची की कुल मिलाकर कीमत क्या होगी?

	सैं.	द.	इ.
	4	3	5
+	6	2	9
	___	___	___

3. नीचे दिए जोड़ के सवालों को हल कीजिए– (समझना)

(1) (1)	○ ○	○ ○	○ ○
3 8 7	5 3 9	5 5 5	3 6 0
+ 2 5 8	+ 2 6 4	+ 3 6 6	+ 5 8 0
6 4 5	___ ___ ___	___ ___ ___	___ ___ ___

4. नीचे दिए जोड़ के सवालों को हल कीजिए– (समझना)

○ ○	○ ○	○ ○	○ ○
5 0 8	5 9 0	5 0 9	3 0 9
+ 2 9 6	+ 2 0 8	+ 3 6 6	+ 5 0 8
___ ___ ___	___ ___ ___	___ ___ ___	___ ___ ___

5. नीचे दिए जोड़ के सवालों को हल कीजिए– (समझना)

325	529	359	290
+ 143	+ 235	+ 127	+ 350
+ 263	+ 180	+ 270	+ 140
___	___	___	___

6. नीचे दिए जोड़ के सवालों को हल कीजिए– (समझना)

360	460	389	549
+ 140	+ 130	+ 278	+ 297
+ 270	+ 240	+ 256	+ 186
___	___	___	___

7. मनीषा कपड़े लेने बाजार गई। उसने 235 रुपये का सलवार सूट एवं 430 रुपये की साड़ी खरीदी। बताइए मनीषा ने कुल कितने रुपये खर्च किए?

(अनुप्रयोग करना)

	सैं.	द.	इ.
+			

8. पुरखा राम ने फसल बुवाई के समय 580 रुपये में चने का बीज एवं 430 रुपये में मटर का बीज खरीदा। बताइए पुरखा राम ने बीज पर कुल कितने रुपये खर्च किए?

(अनुप्रयोग करना)

	सैं.	द.	इ.
+			

9. घनश्याम डेयरी वाले ने सोमवार को 685 रुपये का दूध एव 265 रुपये की छाछ बेची। बताइए उसने कुल कितने रुपये कमाए?

(अनुप्रयोग करना)

	सैं.	द.	इ.
+			

10. विद्यालय के पुस्तकालय में कहानियों की 368 पुस्तकें एवं गणित की 235 पुस्तकें हैं, तो पुस्तकालय में कहानी व गणित की कुल कितनी पुस्तकें हैं?

(अनुप्रयोग करना)

	सैं.	द.	इ.
+			

निर्देश : मानसी अपने विद्यालय के बच्चों के लिए खेल सामग्री लेकर आई। खेल सामग्री के नीचे लिखी कीमतों के आधार पूछे गए प्रश्नों के जवाब दीजिए –

फुटबाल	बैडमिंटन बल्ला	क्रिकेट बल्ला	टेबल-टेनिस बल्ला
224 रुपये	**435** रुपये	**540** रुपये	**325** रुपये

11. बैडमिंटन बल्ले की कीमत टेबल–टेनिस बल्ले की कीमत से कितनी ज्यादा है?

(अनुप्रयोग करना)

	सैं.	द.	इ.
–			

12. फुटबाल की कीमत टेबल–टेनिस बल्ले की कीमत से कितने रुपये कम है?

(अनुप्रयोग करना)

	सैं.	द.	इ.
–			

13. नीचे दिए घटाने के सवालों को हल कीजिए– (समझना)

सै. द. इ.	सै. द. इ.	सै. द. इ.	सै. द. इ.
8 3 5	6 4 5	9 2 8	6 3 0
– 2 2 5	– 4 2 0	– 6 2 5	– 3 2 0
6 1 0			

14. नीचे दिए घटाने के सवालों को हल कीजिए– (समझना)

सै. द. इ.	सै. द. इ.	सै. द. इ.	सै. द. इ.
8 2 6	5 2 5	7 4 5	6 0 8
– 3 3 8	– 2 4 8	– 4 6 5	– 3 8 9

15. नीचे दिए घटाने के सवालों को हल कीजिए– (समझना)

7 4 5 4	9 4 9 4	5 4 9 4
– 2 4 4 8	– 2 5 7 8	– 2 9 7 8

16. नीचे दिए घटाने के सवालों को हल कीजिए – (समझना)

9005	7475	6600
−2998	−2008	−2900
_____	_____	_____
_____	_____	_____

17. एक शाला का कुल नामांकन 635 विद्यार्थी है। उनमें से 528 विद्यार्थी रोजाना शाला आते हैं तो बताइए कितने विद्यार्थी रोजाना अनुपस्थित रहते हैं?

(अनुप्रयोग करना)

	सैं.	द.	इ.
−			

18. एक ढाणी की जनसंख्या 963 व्यक्ति है। यदि उनमें से 525 पुरूष हैं तो महिलाओं की संख्या बताइए?

(अनुप्रयोग करना)

	सैं.	द.	इ.
−			

19. जोड़ कीजिए – (समझना)

(1)
```
  26185
  37123
  10057
+ 84239
-------
```

(2)
```
  3057
  2305
  1138
+ 2455
-------
```

(3)
```
  281075
  190845
  100170
+ 280948
--------
```

20. जोड़ कीजिए – (समझना)

(1)
```
  76752
   2315
+    32
-------
```

(2)
```
  93681
     38
+  1070
-------
```

21. जोड़ कीजिए – (समझना)

(1) 2067 + 200 + 8372 = ----------

(2) 53728 + 30 + 267 + 3004 = ----------

22. खाली डिब्बों में कौन–कौन से अंक आएंगे? सोच कर लिखिए – (मूल्यांकन करना)

(1)

	6	□	7	8	5	□
+	□	3	□	6	□	5
	9	2	3	□	3	9

(2)

	7	3	□	8
	2	1	3	5
+	□	3	1	7
	14	□	8	□

23. खाली डिब्बों में क्या आयेगा? लिखिए – (मूल्यांकन करना)

(1) 2 □ 7 + 38 □ = □ 87

(2) 1 □ 52 + 27 □ 1 = 389 □

(3) 43 □ + □ 32 + 2 □ 1 = 787

(4) 23 □ 4 + 123 □ + 5 □ 12 = □ 888

24. सात अंकों की सबसे छोटी संख्या में 5 अंकों की सबसे बड़ी संख्या को जोड़िए।

(अनुप्रयोग करना)

25. खाली डिब्बों में आने वाली संख्या लिखिए – (समझना)



26. देवनागरी लिपि की संख्याओं का गुणा कीजिए – (समझना)

(i) ५६२ x ३८४ (ii) ७१५ x २६० (iii) ४३६ x ५००

(iv) ६१६ x ६३४ (v) ८२३ x ४९२

27. देवनागरी लिपि के अंकों के साथ भाग कीजिए – (समझना)

(i) ६८४ ÷ १९ (ii) ७२५ ÷ २५

(iii) ८५८ ÷ ३३ (iv) ४३७ ÷ १६ (v) ५६९ ÷ २३

28. एक पैकेट में 225 टॉफियाँ आती हैं। ऐसे 45 पैकेट में कितनी टॉफियाँ आएँगी? ज्ञात कीजिए।

(अनुप्रयोग करना)

29. नीचे दी गई संख्याओं में जो संख्या 2 से भाग हो सकती है उस पर ○, 3 से भाग हो सकती है उस पर △ व 4 से भाग हो सकती है उस पर □ की आकृति बनाइए– (विश्लेषण करना)

1	2	3	4	5	6	7	8
9	10	11	12	13	14	15	16
17	18	19	20	21	22	23	24
25	26	27	28	29	30	31	32
33	34	35	36	37	38	39	40

30. 5 व 7 के गुणज व साझा गुणज लिखिए– (विश्लेषण करना)



31. संख्या 3, 4 व 5 का सबसे छोटा साझा गुणज ज्ञात कीजिए। (विश्लेषण करना)

3 के गुणज =.....,.....,.....,.....,.....,.....,.....,.....,.....

4 के गुणज =.....,.....,.....,.....,.....,.....,.....,.....,.....

5 के गुणज =.....,.....,.....,.....,.....,.....,.....,.....,.....

3, 4 व 5 का साझा गुणज =.....,.....,.....,.....,.....,.....,.....

3, 4 व 5 का सबसे छोटा साझा गुणज =.....,.....,.....,.....,.....,.....

32. गुणा चार्ट पूरा कीजिए – (याद रखना)

X	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
1									9			12
2						12	14	16				
3				12								
4			12									
5					25							
6		12										
7		14										
8												
9												
10												120
11												
12	12											144

33. वे कौन–कौन सी संख्याएँ है जो 2 व 3 के गुणज हैं ? (विश्लेषण करना)

_____

इनमें से सबसे छोटा समान गुणज कौनसा है ? _____

34. वे कौन–कौन सी संख्याएँ है, जो 3 और 4 के गुणज हैं यानी 3 और 4 के समान गुणज हैं ?

_____ (विश्लेषण करना)

इनमें से सबसे छोटा समान गुणज कौनसा है ? _____

35. ऐसे ही 2 और 5, 3 और 5, 4 और 5 के समान गुणज लिखिए – (विश्लेषण करना)

_____

36. 2 और 5 के समान गुणज ? _____ (विश्लेषण करना)

इनमें से सबसे छोटा समान गुणज कौनसा है ? _____

37. नीचे दिए संख्या चार्ट पर लिखी संख्याओं में से सम संख्याओं के लिए ○ से, विषम संख्याओं के लिए Δ से एवं अभाज्य संख्याओं के लिए □ घेरा कीजिए – (विश्लेषण करना)

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
15	16	17	18	19	20	21	22	23	24	25	26	27	28
29	30	31	32	33	34	35	36	37	38	39	40	41	42

38. पढ़िए और मिलान कीजिए – (समझना)

सबसे छोटी सम संख्या | सबसे छोटी विषम संख्या | सबसे छोटी अभाज्य संख्या

8 | 0 | 9 | 5 | 4 | 7 | 1 | 2

39. पढ़िए और सही से मिलान कीजिए – (समझना)

6 और 6 का गुणनफल | 9 और 7 का गुणनफल | 6 और 13 का गुणनफल

63 | 36 | 78

40. नीचे लिखी संख्याओं के गुणज लिखिए – (समझना)

(1) 4 के गुणज = ..., ..., ..., ..., ..., ..., ...

(2) 7 के गुणज = ..., ..., ..., ..., ..., ..., ...

41. नीचे लिखी संख्याओं में से 4, 6 व 8 के समान गुणज पर घेरा ○ लगाइए। (विश्लेषण करना)

4 , 6 , 8, 18, 24, 32 , 36, 40 , 44 , 48 , 52 , 56 , 60, 64, 68, 72

42. इन जोड़ियों के समान गुणनखंड पता कीजिए – (विश्लेषण करना)



43. इन जोड़ियों के समान गुणनखंड पता कीजिए – (विश्लेषण करना)



44. इन जोड़ियों के समान गुणनखंड पता कीजिए – (विश्लेषण करना)



45. इन जोड़ियों के समान गुणनखंड पता कीजिए – (विश्लेषण करना)



46. निम्नलिखित कथनों के बॉक्स में >, < तथा = का संकेत लगाइए – (मूल्यांकन करना)

(1) 3 x 8 ☐ 2 x 12 (2) 2 x 4 x 7 ☐ 6 x 9

(3) 2 x 2 x 2 x 3 ☐ 6 x 4 (4) 3 x 3 x 3 ☐ 2 x 2 x 2 x 2

47. गुणनखण्ड वृक्ष बनाइए – (सृजन करना)

(1)



(2)



48. निम्न में कौन से 30 के गुणनखण्ड नहीं हैं ? उन पर घेरा लगाइए – (मूल्यांकन करना)

1 , 2 , 3 , 4 , 5 , 6 , 7 , 8 , 9 , 10 , 11 , 12 , 13 , 14 , 15 , 16 , 17 , 18

49. पढ़िए और मिलान कीजिए – (विश्लेषण करना)

30 और 35 के सार्व गुणनखण्ड	12 और 18 के सार्व गुणनखण्ड	11 और 33 के सार्व गुणनखण्ड	25 और 30 के सार्व गुणनखण्ड

12	4	5	6	3	7	9	15

50. भाग विधि से गुणनखण्ड कीजिए – (अनुप्रयोग करना)

(1) 32

(2) 45

51. गुणनखण्ड के आधार पर अभाज्य तथा संयुक्त संख्या छाँटिए – (विश्लेषण करना)

2, 3, 7, 9, 13, 15, 17, 19, 21, 27, 39, 51, 65

